हिंदी विभाग " आत्महत्या एवं तनाव नियंत्रण कार्यशाला"
मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ एवं मानसिक स्वास्थ्य विभाग जिला अस्पताल बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में दिनांक 3 मई 2023 को मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा आत्महत्या एवं तनाव नियंत्रण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य विभाग जिला अस्पताल बिलासपुर से मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता श्रीमती विभा बांसरियार एवं श्रीमती एंजलीना वी लाल ने सभी विद्यार्थियों के साथ कई गतिविधियां करके उनके मानसिक स्वास्थ्य की जांच की और जीवन में आने वाले विभिन्न तनावों से मुक्ति और उन पर नियंत्रण कैसे किया जाए,.. इस पर चर्चा की । मास्टर ट्रेनर ने छात्रों के साथ कई खेल गतिविधियां कर कार्यशाला को रोचक और मनोरंजक बनाया । कार्यशाला में हिंदी विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने भागीदारी की और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श का लाभ लिया । यह कार्यक्रम मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉक्टर राजेश्वरी गर्ग शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्तावित था ,जैसा कि ज्ञातव्य है विश्वविद्यालय के सभी विभागों में इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है ,कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही ।

GPS Map Camera
Bilaspur, Chhattisgarh, India
44FQ+PR9, Koni, Bilaspur, Chhattisgarh 495009, India
Lat 22.124572°
Long 82.139082°
03/05/23 12:07 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Bilaspur, Chhattisgarh, India
44FQ+PR9, Koni, Bilaspur, Chhattisgarh 495009, India
Lat 22.124572°
Long 82.139082°
03/05/23 11:52 AM GMT +05:30
Google